तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

12 अभिनव एप विचार प्रस्तुत करने वाली टीम प्रथम



12 अग्रोहा में श्रीमद् भागवत कथा आज से, तैयारियां पूरी



## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सप्ताह भर का नशा मुक्ति जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान का शुभारंभ प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं समाज में जागरूकता फैलाने की संकल्प शपथ दिलाकर किया गया। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नारों, भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से समुदाय को सकारात्मक संदेश दिया गया।

### श्री ऋषि देव जैन मैमोरियल ट्रस्ट ने बांटी यूनिफॉर्म

**हिसार।** श्री ऋषि देव जैन मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा समाज सेवा की अपनी निरंतर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को जैन स्कूल की कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा में समान अवसर दिलाने के लिए यूनिफॉर्म वितरण किया गय। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि ट्रस्ट हमेशा से समाज हित के कार्यों में सक्रिय रहा है और भविष्य में भी शिक्षा एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।

### लुवास ने मनाया संविधान दिवस

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय व संविधान दिवस बड़े आदर एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों, कार्यालयों, निदेशालयों एवं महाविद्यालयों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति सचिवालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने कुलपति कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर राष्ट्र एवं संविधान के प्रति अपनी निष्ठा का संकल्प दोहराया।

### एनआईआरसी करेगी वार्षिक जीएसटीआर पर सेमिनार

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 29 नवंबर को सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाला यह सेमिनार वार्षिक जीएसटीआर 9 व 9सी में नवीनता एवं आरओसी एनुअल फिलिंग : एओसी-4 व एमजीटी-7 पर आधारित होगा।

### ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन कैंप 30 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 30 नवंबर को एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में ध्यान की विधियां सिखाने के साथ-साथ उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस मेडिटेशन कैंप में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान सच्चे आनंद व शांति से दूर हो गया है। इसलिए तनाव, अवसाद व परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

### गुजवि ने घोषित किए विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2025 में आयोजित एमकॉम कोर्स कोड-103 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एमएससी जियोग्राफी द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमएससी इकोनोमिक्स ग्रुप-बी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### सिविल सर्जन कार्यालय के सामने चिकित्सकों का प्रदर्शन

# सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों की व्यापक पैन डाउन हड़ताल



हिसार। सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सरकारी चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों ने गुरुवार को दो घंटे के लिए ओपीडी सेवाएं बंद कर पैन डाउन हड़ताल की। यह हड़ताल हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के आह्वान पर की गई। हड़ताल के दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित रहीं, जबकि ओपीडी सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चिकित्सकों की हड़ताल के चलते ओपीडी में इलाज करवाने पहुंचे मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। दो घंटे तक मरीज चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर बैठे पैन डाउन हड़ताल के खत्म होने का इंतजार करते रहे। ऐसे में ओपीडी के बाहर मरीजों की भारी भीड़ जमा हो गई।

>> *हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसो. ने एसएमओ की सीधी भर्ती करने के आदेश का जताया विरोध*

>> *पैन डाउन हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं बंद, मरीजों को हो रही परेशानी*

#### करीब 200 चिकित्सकों ने हड़ताल

जिलेभर में करीब 200 चिकित्सकों पैन डाउन हड़ताल पर रहे। इस दौरान चिकित्सकों ने प्रदेश सरकार की तरफ से सीनियर मेडिकल आफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती करने के आदेश के विरोध में सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। चिकित्सकों को नेतृत्व एचसीएमएसए के महासचिव डॉ. अनिश चहल ने किया। इस दौरान डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. अजीत लाठर और डॉ. विष्णु सहित नागरिक अस्पताल के अन्य डॉक्टर भी उपस्थित थे। चिकित्सकों ने चेतावनी दी कि सीधी भर्ती पर रोक नहीं लगाई तो भविष्य में रणनीति बनाकर आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

#### पहले विरोध के बाद वापस लिया था आदेश

इससे पूर्व हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार की सुबह सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और एमएमओ की सीधे भर्ती के आदेश पर अपना विरोध जताया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय ने पहले एसोसिएशन ने आश्वासन दिया था कि एसएमओ की सीधी भर्ती नहीं की जाएगी, बल्कि विभागीय पदोन्नति के आधार पर नियुक्ति होगी, लेकिन अब निदेशालय ने एसएमओ की सीधी भर्ती करने का निर्णय लिया है, जिससे चिकित्सकों में रोष है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने पहले भी इस तरह का निर्णय लिया था, लेकिन विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया था। अब फिर से विभाग की तरफ से एसएमओ की सीधी भर्ती करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार के फैसले का विरोध जताते हुए तर्क दिया कि एसएमओ की सीधी भर्ती होती है तो सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे।

### पुलिस पर लगाया मिलीभगत व कार्रवाई न करने का आरोप

## बधाई मांगने के विवाद में किन्नर भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एक-दूसरे के एरिया में बधाई मांगने के विवाद में गुरुवार की सुबह अग्रवाल कॉलोनी में किन्नर के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसमें कई किन्नरों को चोटें आई है। घायल किन्नर पूर्व पार्षद शोभा नेहरू गुट के बताए जा रहे हैं, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आरोप है कि एक गुट के किन्नर दूसरे गुट के किन्नरों की चोटी काटकर ले गए। मारपीट की घटना के बाद शोभा नेहरू भी नागरिक अस्पताल पहुंची और मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### किन्नर समुदाय पर बढ़ते हमले: शोभा नेहरू ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाया



शोभा नेहरू ने बताया कि किन्नरों से मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस बारे में पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। शोभा नेहरू ने बताया कि वे वर्षों सालों से बधाई मांगकर गुजारा कर रही हैं। उसकी टीम अब बधाई लेती है। अग्रसेन भवन में शादी हुई थी वहां दूसरे गुट के किन्नर बधाई मांगने पहुंच गए। इसके बाद परिवार वालों ने उनको बधाई देने से मना कर दिया और कहा कि हम तो शोभा नेहरू को ही बधाई देते आ रहे हैं। इसके बाद जब उनकी टीम मौके पर पहुंची तो उसकी टीम के साथ हाथापाई की और मारपीट करने लगे। शोभा नेहरू ने बताया कि जिन लोगों ने उन पर हमला किया उनके पास हथियार भी थे। पूर्व पार्षद शोभा नेहरू ने बताया कि पुलिस आरोपियों से मिली है। जब डायल 112 पर फोन किया तो पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों का साथ दिया। शोभा ने बताया कि उसकी तीन साथी गीता, सानिया और अन्य को चोट आई है। शोभा नेहरू ने बताया कि सभी आरोपी कप्तान स्कूल और इसके आसपास के रहने वाले हैं। घटना के बाद किन्नरों ने सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया है और पुलिस को शिकायत दे दी है।

### पराली जलाने के आरोप में किसान पर केस दर्ज

**नारनौंद।** क्षेत्र में पराली जलाने के मामले में प्रशासन ने एक किसान के खिलाफ केस दर्ज किया है। सैटेलाइट से मिली जानकारी के आधार पर गांव पाली के एक किसान सचिन पर मामला दर्ज किया गया है। राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने खेत में धान के अवशेष जलाने की पुष्टि की थी। जांच टीम में राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक विनोद, पंचायती राज विभाग के ग्राम सचिव और गांव के नंबरदार शामिल थे। टीम ने निरीक्षण में पाया कि खेत में फसल अवशेष जलाए गए थे। इस संबंध में टीम ने तुरंत नारनौंद थाने को रिपोर्ट भेजी। पराली जलाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2013 की धारा 163 के तहत पूर्ण प्रतिबंध है। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नारनौंद थाने के एसआई जयसिंह इस मामले की जांच कर रहे हैं।



**हांसी।** केसी फार्म के समीप अवैध कालोनी की सड़कों को उखाड़ती जेसीबी।

### हांसी में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**हांसी।** हिसार जिला टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को केसी फार्म हाउस के समीप 4 एकड़ में काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनाई गई सड़कों को जेसीबी की मदद से उखाड़ दिया। इस कार्रवाई के लिए सिंचाई विभाग के एसडीओ अजय सिहाग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था वहीं किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। वहीं विभाग की ओर से बिना परमिशन के इस एरिया में दोबारा से सड़क निर्माण या कालोनी काटने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

#### अवैध कॉलोनी पर पहले किया था नोटिस चस्पा

अवैध कालोनी में निर्मित सड़कों को उखाड़ने पहुंची फिल्ड इंस्पेक्टर सपना ने बताया कि जिला योजनाकार विभाग द्वारा इस कॉलोनी को पहले भी अवैध घोषित कर यहां नोटिस चस्पा किया गया था। विभाग द्वारा आज कॉलोनी में बनाई सड़कों को जेसीबी मशीन की मदद से उखाड़ दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन को प्लाट खरीदने व मकान निर्माण कार्य शुरू करने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह कॉलोनी पूरी तरह अवैध है और यहां किसी भी प्रकार से किया निर्माण कार्य करना अवैध है।

## कृषि अर्थशास्त्रियों और नीति निर्माताओं ने योजनाओं के लिए किया मंथन

- हकृवि में 85वें इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स सम्मेलन के दूसरे दिन 222 पेपर प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 85वें इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स सम्मेलन के दूसरे दिन वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं एवं कृषि अर्थशास्त्रियों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित 222 पेपर प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में देश के विभिन्न 18 राज्यों से लगभग 300 वैज्ञानिक, नीति निर्माता, शोधकर्ता एवं कृषि अर्थशास्त्री भाग ले रहे हैं। इन राज्यों में पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, मेघालय, मणिपुर, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, आसाम, अरूणाचल प्रदेश, केरल, तेलांगाना व हरियाणा शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन में विभिन्न चार तकनीकी सत्रों के दौरान प्रस्तुत किए गए पेपर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण परिवर्तन और समावेशी विकास के अन्तर्गत कृषि का आधुनिकीकरण, ग्रामीण उद्योगों का विस्तार, डिजिटल ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कौशल विकास और रोजगार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समावेशी विकास को लेकर सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, कमजोर वर्गों के लिए नीतियां, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए क्रेडिट, बीमा और मार्केटिंग जैसी योजनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा मंथन किया गया।



**हिसार।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

#### 144 पेपर किए प्रस्तुत

कृषि महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी मलिक ने बताया कि सम्मेलन का प्रथम तकनीकी सत्र जो ग्रामीण परिवर्तन और समावेशी विकास विषय पर आयोजित किया गया जिसमें 144 पेपर प्रस्तुत किए गए। द्वितीय तकनीकी सत्र साझा संसाधनों की पुर्नकल्पना और संस्थागत नवाचार के लिए शासन मार्ग पर आधारित था, जिसमें 22 पेपर प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया कि तृतीय तकनीकी सत्र डब्ल्यूटीओ, आर्थिक वृद्धि और पर्यावरणीय स्थिरता अंतर संबंधों के मार्ग का निर्धारण पर था। इस तकनीकी सत्र में 26 पेपर प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में चौथा सत्र पीएचडी स्कॉलर पर आधारित रहा। इस सेशन के दौरान विभिन्न विषयों से संबंधित 30 पेपर प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका कुलपति ने अवलोकन किया।

## 60 शिकायतकर्ताओं को पत्र बुलाया, करीब 30 ही अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे



**हिसार।** सीएम विंडो शिकायतों की सुनवाई करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की सुनवाई नगर निगम के मुख्य सभागार में की गई। निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार सीएम विंडो की सुनवाई की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने की। इस दौरान सरकार द्वारा चयनित सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रवीण जैन और राजकुमार इंदौरा उपस्थित रहे। इस सुनवाई में नगर निगम से संबंधित 60 शिकायतकर्ताओं को पत्र भेजकर बुलाया गया था, जिनमें से लगभग 30 शिकायतकर्ता अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। सभी शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए अतिरिक्त आयुक्त एवं एमिनेंट पर्सन ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, जेई कुशल, जेई अंकुर, जेई राकेश, जेई राजकुमार, जेई मनजीत, सीएसआई राजकुमार सहित सभी एएसआई भी मौजूद रहे।

## मिलिट्री स्टेशन में पूर्व सैनिक रैली 29 को, सीएम सैनी होंगे मुख्य अतिथि

- राजा नाहर सिंह पर आधारित देशभक्ति गीत तथा मिलिट्री बैंड का होगा विशेष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सप्त शक्ति कमान के तत्वावधान में डॉट ऑन टारगेट डिवीजन के अंतर्गत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और वीर माताओं के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए 29 नवंबर को हिसार मिलिट्री स्टेशन में एक भव्य पूर्व सैनिक रैली आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर हरियाणा के दस जिलों भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, हिसार, झज्जर, जींद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, रोहतक और सिरसा से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल होंगे। रैली का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का सम्मान करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं का समाधान करना है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की संभावना है।

#### योजनाओं की देंगे जानकारी

अभिलेख कार्यालयों, बैंकों, जिला सैनिक बोर्डों, ईसीएचएस, डीपीडीओ और एडब्ल्यूपीओ द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पूर्व सैनिकों को ऑन-द-स्पॉट दस्तावेजीकरण सहायता, शिकायत निवारण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल सिविल प्रशासन और सशस्त्र बलों की संयुक्त जिम्मेदारी को और मजबूत बनाती है। रैली में एक मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा, जिसमें कैंसर जांच, हड्डियों की घनत्व जाँच और कुछ चयनित रक्त परीक्षण जैसी विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### भारी मात्रा में गांजा सहित चार काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की नशा निरोधक टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग अलग मामलों में 60 किलो 980 ग्राम गांजा बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक स्कार्पियो गाड़ी और एक मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस की पहली कार्रवाई में स्कार्पियो वाहन से 20 किलो 310 ग्राम गांजा बरामद हुआ। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि काबरेल गांव की नायक चौपाल के पास पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में एक स्कार्पियो वाहन को रोका। वाहन सवार दो व्यक्तियों ने पूछताछ में अपना नाम राजस्थान के झेरली निवासी संदीप कुमार राजस्थान के बेरी निवासी हरेंद्र उर्फ हैप्पी बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई तलाशी के दौरान स्कार्पियो की पिछली सीट पर रखे प्लास्टिक के कट्टे से 20 किलो 310 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

**आरोप** लोग बोले, बिना परमिशन रोड़ उखाड़कर पाइपलाइन डाली

## पाइप डालने के लिए खोदी सड़क में धंसी ट्रॉली, घटिया मैटेरियल से की रिपेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


नजदीकी गांव रामायण में अवैध रूप से सड़क तोड़ कर बरसाती पानी की निकासी के लिए डाली गई पाइपलाइन के ऊपर घटिया मैटेरियल डाल कर खानापूर्ति किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदार द्वारा करवाई रिपेयर के बाद गुरुवार को सड़क पर लकड़ी के गुटकों से भरी ट्रॉली के धंस जाने से ढंढेरी गांव जाने वाला सड़क मार्ग बाधित हो गया, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और काफी मशक्कत से सड़क में धंसी ट्राली को क्रेन की मदद बाहर निकाला गया। उधर, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा बिना किसी परमिशन के सड़क को उखाड़कर उसके अंदर पाइपलाइन डाल दी गई और इसके ऊपर बेहद घटिया निर्माण सामग्री डालकर पुनः सड़क निर्माण की खानापूर्ति कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क पर डाले गए पदार्थ की क्वालिटी बेहद खराब है, जिसका नतीजा ट्रॉली धंसने के रूप में सामने आया है।



**हांसी।** सड़क पर धंसी लकड़ी के गुटकों से भरी ट्राली।

#### वसूलेंगे रिपेयरिंग का पूरा खर्च : एक्सईएन

इस मामले में बीएंडआर के एक्सईएन उदयवीर झाझड़िया ने साफ कहा कि उनके विभाग से किसी भी विभाग या ठेकेदार ने सड़क उखाड़ने की अनुमति नहीं ली है। उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और यदि किसी विभाग या ठेकेदार ने बिना परमिशन के सड़क को क्षतिग्रस्त किया है, तो उनसे रिपेयरिंग का पूरा खर्च वसूला जाएगा। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण


## समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *




**किताब :** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक :** शिखर चंद जैन, **मूल्य :** 300 रुपए, **प्रकाशक :** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें



1. घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2. गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3. 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181



1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव




नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191





बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

## 20 वर्ष पुरानी डकैती में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** ओढ़ा थाना पुलिस ने गांव चोरमार में वर्ष 2005 में हुई बैंक डकैती की वारदात में वांछित छठे आरोपी को गिरफ्तार करने में किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनूप सिंह उर्फ नुप्पा पुत्र मिल्खा सिंह निवासी वादियां जिला मुक्तसर पंजाब के रूप में हुई है। ओढ़ा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनंद बैनीवाल ने बताया कि 17 जनवरी 2005 को विनोद कुमार सहायक उप प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक चोरमार के बयान पर मामला दर्ज किया था। जिसमें लिखा था कि दोपहर 12.15 बजे आरोपियों द्वारा बैंक में घुसकर हथियारों के बल पर बैंक कर्मचारियों को जान से मारने का भय दिखाकर बैंक से 35 हजार रुपए नकद राशि, दो मोबाइल फोन, राइफल व कारतूस लूट कर ले गए।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**सिरसा।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में आगामी 28 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 शिकायतों को सुनेंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे संबंधित शिकायत की रिपोर्ट सहित बैठक में समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र जारी

**ओढां।** जवाहर नवोदय विद्यालय, ओढ़ा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न खंडों के चयनित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा के प्रिंसिपल ललित कालरा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन अगस्त 2025 में मांगे गए थे। जिन छात्र एवं छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लेने के लिए आवेदन किया था, वे प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय सिरसा की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए ऑनलाइन भरे गए फार्म का रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक होगा, जन्मतिथि पासवर्ड के रूप में उपयोग करनी होगी।

## खो खो में राजकीय स्कूल टीम द्वितीय

**सिरसा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत विस स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूवाला द्वितीय ने प्रदर्शन किया है। गांव बाजेकां में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की टीमों ने खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा के नेतृत्व में भाग लिया। विद्यालय प्राचार्या मंजू पूनिया ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12 के छात्र कृष्ण ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में 10वीं की छात्रा ने तृतीय रही।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को लगेगी

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

### गांव खैरेकां में हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# एसपी ने युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

मुहिम में सराहनीय करने वाले युवाओं तथा ग्रामीणों को सम्मानित भी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं और अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। एसपी दीपक सहारण गुरुवार को सिरसा जिले के गांव खैरेका में ग्राम पंचायत खैरेंकां, यूथ क्लब एसोसिएशन तथा लक्ष्य क्लब खैरेकां की ओर से आयोजित हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाडियों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

एसपी ने युवाओं से आवाह्न किया कि वे नीरज चोपड़ा जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को अपना आदर्श मानकर निरंतर आगे बढने के लिए प्रयास करें। एसपी ने कहा कि अब जिला पुलिस सभी गांवो में युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ेगी तथा समूचे जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन करवाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाए हुए हैं और ओर इसी मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों का आयोजन कर जन जागृती महा अभियान चलाए हुए है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है,और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलन में बढ़-चढक़र भाग ले।

उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढऩे के लिए प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई युवा नशे की दलदल में फंस गया है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें।


सिरसा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते एसपी दीपक सहारण।

गांव खैरेकां व डेरा सच्चा सौदा सिरसा की टीमों के बीच हुए हैंडबाल का मैच में खैरेकां की टीम विजेता रही। विजेता टीम को पुलिस अधीक्षक ने ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

## एसपी की अगुवाई में एसआईटी गठित रिमांड पर खंगाले जाएंगे विदेशी लिंक



**सिरसा।** सिरसा पुलिस ने बरनाला रोड स्थित महिला थाना के निकट परसों रात्रि संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ से विस्फोट करने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 25 नवंबर की रात्रि करीब 10-11 बजे महिला थाना के निकट संदिग्ध विस्फोटक से विस्फोट किया गया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने छानबीन की। उन्होंने बताया कि मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि में उनके आंतकी से लिंक की पड़ताल की जाएगी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि पुलिस ने जांच करते हुए जिन पांच लोगों को काबू किया है, उनमें चार गांव खारियां के निवासी हैं और एक सिरसा न्यू हाऊसिंग बोर्ड का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें 3 पर पहले मारपीट के मामले दर्ज है और उनमें एक नशेड़ी बताया गया है। श्री सहारण ने बताया कि इस बारे में सिविल लाइन थाना सिरसा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 111, एक्सपलोसिव एक्ट की धारा 3, 4 तथा यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक आईपीएस के अधीन एसआईटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके से अहम सबूत जुटाए है। विस्फोटक किस किस्म का था? कहां से विस्फोटक सामग्री जुटाई गई। पुलिस विभिन्न पहलूओं की गहन जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मामले में आतंकी घटना से इंकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है। आरोपियों से पूछताछ में जो जानकारी सामने आएगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पंजाब में समानांतर घटना बारे कहा कि सिरसा पुलिस पंजाब पुलिस के लगातार संपर्क में है और एक दूसरे को सहयोग कर रहे है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

# खंड स्तरीय पर युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिताएं


चोपटा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

- प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं व 11वीं के करीब 50 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चोपटा खंड के गांव जोधकां व शेरपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में वीरवार को खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के सौजन्य से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं व 11वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने गांव से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया के नाम से गांव में खेल स्टेडियम बनवाने, गांव के विद्यालय में नए कमरे बनवाने, गांव की गलियां पक्की करवाने, सफाई व्यवस्था, नालियों में गंदगी, गांव की गलियों में बिजली आपूर्ति तथा गांव में पटवारी की स्थाई रूप से व्यवस्था करना, गांव के जोहड़ की चारदीवारी की मुरम्मत करवाना जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। ग्राम सभा में सभी मुद्दों पर चर्चा के बाद आम सहमति से निर्णय लिए गए। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीति शास्त्र प्राध्यापक सुभाष पारीक, देशराज माचरा, के मार्गदर्शन में की गई।

### एक दिसबर तक होंगी

डीआरयू प्रभारी डॉ. अनिल बिश्नोई ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिला के 26 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक भावनात्मक टीमवर्क, समालोचनात्मक चिंतन, सहानुभूति, बुद्धिमत्ता और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में छात्रा कशिश ने सरपंच की भूमिका निभाई, जबकि मनीषा ने ग्राम सचिव की भूमिका अदा की। निर्णायक मंडल में राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता जगदीश बराच व सुरेश शर्मा शामिल रहे। प्रवक्ता जगदीश बराच ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ती है।

# चार पुलिस अधिकारी पदोन्नत होकर बने निरीक्षक पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के कानून और व्यवस्था के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार उपनिरीक्षकों को आज निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उनके समर्पण, परिश्रम और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया। पदोन्नत हुए अधिकारियों में श्याम लाल, प्रभारी, आरटीआई शाखा, फतेहाबाद, देवीलाल, अपराध शाखा, फतेहाबाद, राजबीर, स्कूटनी सैल, फतेहाबाद तथा बलराज सिंह, एडीए शाखा, फतेहाबाद शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, यह पदोन्नति उनके अथक परिश्रम, ईमानदारी और पेशेवर कौशल का प्रतीक है। उन्हें गर्व है कि उनके जिले में ऐसे समर्पित और योग्य अधिकारी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने नव-निरीक्षकों को जिले की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में और भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस खुशी के मौके पर सभी पदोन्नत अधिकारियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।


फतेहाबाद। पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को बधाई देते एसपी सिद्धांत जैन।

## एमएचडी साइंस फेस्ट में 350 ने लिया भाग

**ओढां।** माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा में नई शिक्षा नीति 2020 के स्टेम पहलुओं को प्रोत्साहित करने के लिए एमएचडी साइंस फेसट 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक टीमों के 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

छात्रों ने कृषि जल प्रबंधन, सतत ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार आदि विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध निदेशिका डॉ. कुलदीप कौर आनंद, एसोसिएट डायरेक्टर शशिकांत शर्मा व प्राचार्या डॉ. अभिलाषा शर्मा के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथियों में मंदर सिंह सरां, अमित मेहता, डॉ. पंकज सिढ़ाना, भूपेंद्र कुमार व राजकुमार उपस्थित रहे।

# नशामुक्ति टीम का वार्ड 12 में जागरूकता अभियान, 8 पीड़ितों की काउंसलिंग की

- आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशे में फंसे लोगों को इस दलदल से बाहर निकालने को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशामुक्ति टीम आज रतिया के वार्ड 12 में पहुंची। एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने रतिया शहर के वार्ड 12 का दौरा किया। टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से मिलकर उन्हें पुनर्वास एवं नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया। अभियान के दौरान वार्ड में 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया। सभी का काउंसलिंग किया गया और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति के अनुसार आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की गई। टीम ने वार्ड की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों से संवाद कर समाज में नशे के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाई। ग्रामीणों को बताया गया कि नशा और उसका कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है।


रतिया। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती नशामुक्ति टीम सदस्य।

## संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हरविंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं एनएसएस प्रकोष्ठ व एनसीसी विंग के संयुक्त तत्वावधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम एनएसएस प्रभारी डॉ. जीतराम शर्मा ने सभी उपस्थित छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संविधान की प्रस्तावना केवल एक निर्देश मात्र न होकर ससंविधान, राष्ट्र एवं नागरिकों की आत्मा होती है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट प्रो. शेर सिंह व डॉ. बब्लेश झोरड़ मौजूद रहे।

# ऑपरेशन जीवन ज्योति : डॉग स्क्वॉड के साथ रतिया में तलाशी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रतिया क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ गुरूवार को एक बार फिर बड़ी और सघन कार्रवाई की। डीएसपी रतिया नरसिंह के नेतृत्व में गुरूवार सुबह रतिया शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉग स्क्वाड, स्वैट टीम और कमांडो यूनिट के साथ मिलकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह से ही पुलिस बल की मजबूत उपस्थिति और रणनीतिक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया।

मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास, बाजार और अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की कड़ी जांच और सघन चेकिंग की गई। डॉग स्क्वाड के जैक और रैम्बो की तेज सूंघ और कमांडो बल की तत्पर कार्रवाई ने नशा तस्करों को चौकन्ना कर दिया। कई स्थानों पर सख्त चेकिंग से अपराधियों में डर पैदा हुआ और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा और जागरूकता का संदेश पहुंचा। डीएसपी रतिया नर सिंह ने कहा कि यह अभियान आने वाले दिनों में और भी तेज गति से जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस इस जहर के व्यापार को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।


रतिया। तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

## स्कॉलर्स स्कूल में 'मॉक यूथ पार्लियामेंट'

**फतेहाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में 'मॉक यूथ पार्लियामेंट' का शानदार आयोजन किया गया। इस युवा संसद कार्यक्रम में स्कूल के नौवीं से ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

युवा संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच सारगर्भित तरीके से विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर स्वस्थ चर्चा की गयी। युवा संसद के पक्ष और विपक्ष में गहमागहमी भी हुई। स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर और वाईस प्रिंसिपल सुमन नागपाल ने अपने सम्बोधन में बच्चों और स्कूल टीचर्स का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से हमारी लोकतान्त्रिक संस्थाओं का सजीव चित्रण बच्चों को देखने को मिलता है।

# विद्यार्थी जन्मदिन पर पेड़ अवश्य लगाएं : अनिता


भट्टूकलां। जन्मदिन पर बच्चे के साथ पौधा लगाते स्कूल प्रधानाचार्या।

- पर्यावरण के लिए सकारात्मक और स्थायी उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

जन्मदिन पर एक पौधा अवश्श लगाएं, जो पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक और स्थायी उपहार है। यह एक पुरानी परंपरा है जो पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाती है और हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन को प्रकृति को सपर्पित करने के लिए प्रेरित करती है। यह बात पीडीएम स्कूल खाबड़ा कलां की प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया ने कही। उन्होंने कहि कि जन्मदिन को मनाने के लिए बच्चे काफी उत्साहित होते है, जिसको मनाने के लिए वो होटल में जाते है, लेकिन दूसरी कक्षा के छात्र रजत पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गाँव ठुईयाँ व बाहरवीं कक्षा के छात्र सोनू पुत्र सुरेन्द्र सिंह गांव सुली खेड़ा ने अनोखी पहल की है। उन्होंने पीडीएम स्कूल, खाबड़ा कलां में अपना जन्मदिन विद्यालय में पौधा लगाकर मनाया। इस अनूठी पहल से अन्य विद्यार्थियों को भी एक प्रेरणा मिली।

### शुभकामनाएं दीं

प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने छात्र रजत को उसके जन्मदिन कि शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि पेड़ हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण है जितनी की हमारी सांसे। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के समय पीडीएम स्कूल के काफी बच्चों ने अपने नाम का एक पौधा लगाया और उनकी देखभाल भी करते हैं। सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है, जिससे हम पर्यावरण से संबंधित समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे सभी अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उन पौधे की सार संभाल तक का जिम्मा भी लें।

### कार्यक्रम सर्व श्री चंडी माता सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित

# महायज्ञ में संत समाज ने दिया आशीर्वाद, यज्ञ का महत्व बताया

यज्ञ में शामिल जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सचिव महंत कमलपुरी महाराज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सर्व श्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में जारी श्री शतचण्डी हवनात्मक महायज्ञ और रूद्र याग में भव्य धार्मिक माहौल देखने को मिला। यज्ञ में शामिल होने के लिए जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सचिव महंत कमलपुरी महाराज पहुंचे। उनके साथ पुरी धाम रोहतक से महामंडलेश्वर कर्णपुरी महाराज तथा कलानौर स्थित डेरा सत बाबा मेहर शाह के महंत बाबा ईश्वर शाह महाराज भी पधारे। मंदिर गद्दीनशीन माता सत्यमदेवा ने संतों का स्वागत किया। संतों ने यज्ञशाला में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच आहुतियां डालकर जन-कल्याण और विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम सर्व श्री चंडी माता सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया जा रहा है।


फतेहाबाद। शतचंडी महायज्ञ में भाग लेते संत महात्मा। फोटो : हरिभूमि

### 30 नवंबर को समापन होगा

महंत कमलपुरी महाराज ने कहा कि फतेहाबाद जैसे शहर में इतने विशाल महायज्ञ का आयोजन होना अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसे दिव्य कार्य भगवान की कृपा और श्रद्धालुओं की आस्था के बिना संभव नहीं होते। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद के लोग वास्तव में सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें इतना पवित्र और पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं महंत बाबा ईश्वर शाह महाराज और महामंडलेश्वर कर्णपुरी महाराज ने भी ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोडऩे और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी प्रवीण मेहता व नीलम मेहता ने यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के प्रधान संजय आहूजा, प्रमुख सेवादार संजय शर्मा, पार्षद नीलांशी शर्मा, रिंकू खन्ना, रमेश असीजा, साहिल असीजा, जगदीश दरियापुर, बंसीलाल कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन अनुष्ठान आचार्य भीष्म भारद्वाज व पंडित भोला दत्त शास्त्री द्वारा वेद विधि विधान से करवाए जा रहे हैं। ट्रस्ट प्रधान संजय आहूजा ने बताया कि महायज्ञ 29 तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक हवन-पूजन और शाम 3 से 5:15 बजे तक यज्ञ व आरती होगी। 29 नवंबर को सुबह 11:15 बजे पूर्णाहुति एवं कन्यादान संस्कार तथा दोपहर 12:15 बजे लंगर लगेगा। 30 नवंबर को मूर्ति विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### पार्किंग के नाम पर वसूली निगम ने लिया एक्शन

**हिसार।** नई ऑटो मार्केट में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामना आया है। इस पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम अधिकारियों ने अवैध पार्किंग लेने वालों का रजिस्टर तथा सामान जब्त किया है। नगर निगम के नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि गेट नंबर 3 पर अवैध पार्किंग की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए गेट पर बने कमरे से रजिस्टर व सामान जब्त किया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने किया एचटीएम थाना का निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने एचटीएम थाना का दौरा करके थाना परिसर, रिकार्ड एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सब्जी मंडी चौकी, नई सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ पब्लिक मीटिंग (जन-संवाद) भी किया। जन-संवाद में नागरिकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

### अवैध शराब की 29 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान थाना शहर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 29 बोतल अवैध शराब के साथ भाटिया कालोनी निवासी सतबीर व ढाणी खुशहाल निवासी रूप चंद्र को गिरफ्तार किया है। एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान हनुमान कॉलोनी से सतवीर निवासी भाटिया कॉलोनी हांसी को 14 बोतल अवैध देसी शराब व रूपचंद निवासी ढाणी खुशहाल को 15 बोतल अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### गणित और विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एच के एस डी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा तक के गणित प्रश्नोत्तरी में विवेकानंद सदन प्रथम रहा। कक्षा छठी से कक्षा दसवीं तक की विज्ञान प्रतियोगिता में कबीर सदन व रानी लक्ष्मीबाई सदन संयुक्त रुप से विजेता रहे।

### दुकान से रुपये चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने दुकान से रुपये चोरी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यशपाल निवासी बुडाना के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 16 हजार रुपये बरामद किए है। थाना नारनौंद में तैनात सिपाही सुषमा ने बताया कि आरोपित युवक यशपाल ने 23 नवंबर को नितिन निवासी मोठ करनैल की दुकान से 16 हजार रुपये चोरी कर लिए थे और मौके से फरार हो गया था।

### कन्या विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

**नारनौंद।** थाना नारनौंद की टीम ने गुरुवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने किया, जबकि सब-इंस्पेक्टर रमेश कुमार व एसआई सुरेश ने छात्राओं और स्टाफ को विभिन्न सामाजिक व सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## हांसी डीएसपी ने जारी की दलजीत पर दर्ज 61 मामलों की लिस्ट

# पुलिस ने खोला गैंगस्टर दलजीत के कारनामों का कच्चा चिट्ठा

**दलजीत की पत्नी ने कहा था, दलजीत पर 61 नहीं सिर्फ 6 मामले दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सिसाय निवासी दलजीत सिहाग की पत्नी अनिता सिहाग द्वारा पुलिस पर दलजीत सिहाग को शहर में घुमाने व फंसाए जाने का आरोप लगाने के बाद गुरुवार को डीएसपी देवेंद्र सिंह पत्रकार वार्ता कर जाट आरक्षण आंदोलन में हुई हिंसा केस में उम्रकैद की सजा काट रहे दलजीत सिहाग का आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किया। इस दौरान पुलिस ने दलजीत सिहाग पर दर्ज 61 मुकदमों की लिस्ट भी दिखाई है। दलजीत पर सबसे ज्यादा मामले हांसी शहर थाना में दर्ज है। दरअसल, 2 दिन पहले दलजीत की पत्नी ने दावा किया था कि उसके पति दलजीत पर सिर्फ 6 केस दर्ज हैं जबकि पुलिस जानबूझकर 61 केस बता रही है। अनिता ने सवाल किया था कि पुलिस बताए कि उसका पति कौन से गैंग से जुड़ा हुआ था।


हांसी। पत्रकारों से बातचीत करते डीएसपी देवेंद्र सिंह । फोटो : हरिभूमि

### अपराधी का न करें महिमामंडन

*डीएसपी देवेंद्र सिंह लोगों से अपील की कि किसी अपराधी का महिमामंडन करने से बचें, क्योंकि इससे अपराध को बढ़ावा देने वाला गलत माहौल बनता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून के दायरे में रहते हुए दलजीत के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस किसी एक व्यक्ति को निशाना नहीं बना रही, बल्कि अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।*

### दलजीत को प्रोडक्शन वारंट पर लिया था

बेड़ियां डालकर घुमाने के आरोपों पर डीएसपी नैन ने बताया कि पुलिस दलजीत को प्रोडक्शन वारंट पर हांसी लाई थी। और उसका मेडिकल करवाने के लिए नागरिक अस्पताल ले जाते समय गाड़ी खराब होने पर उसे पैदल अस्पताल ले जाया गया था। डीएसपी देवेंद्र नैन ने कहा, दलजीत को किसी भी रूप में हीरो की तरह पेश न किया जाए। इससे युवा भ्रमित होकर गलत दिशा में जा सकते हैं।

### आपराधिक प्रवृति का हिस्ट्रीशीटर रहा है दलजीत

उन्होंने बताया कि दलजीत के खिलाफ पहला मामला 2004 में दर्ज हुआ था। जो दर्शाता है कि वह लंबे समय से आपराधिक प्रवृत्ति का हिस्ट्रीशीटर रहा है। इतना ही नहीं, उस पर अभी तक आखिरी मामला इसी माह में दर्ज हुआ है। देवेंद्र नैन ने कहा कि समाज में अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### डीएसपी ने क्या कहा दलजीत के बारे में

डीएसपी देवेंद्र ने बताया कि दलजीत सिहाग प्रदीप जमावड़ी से जुड़ा हुआ था। डीएसपी देवेंद्र नैन ने बताया कि दलजीत सिहाग एक सामान्य व्यक्ति नहीं है। वह प्रदीप जमावड़ी गैंग का पूर्व सदस्य रह चुका है। इन मामलों में डकैती, लूट और अपहरण जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं।

# संविधान राष्ट्र की आत्मा: डॉ. काजल

- छाजूराम विधि महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया संविधान दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीआर लॉ कॉलेज में बुधवार को संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। यह कार्यक्रम जाट शिक्षण संस्थान के प्रेसिडेंट दिलदार सिंह पूनिया, सेक्रेटरी एडवोकेट परविंदर मलिक और कोषाध्यक्ष सागर सिवाच एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन चीफ़ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव सत्य, अनुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरम्भ हुई। नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार का माहौल आनंदमय बना दिया। मुस्कान ने अपनी भावपूर्ण सेमी–क्लासिकल प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इसके बाद नीतिका और दुर्गा ने ऊर्जावान हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियों पर मजबूर कर दिया।



हिसार। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### जैन गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने किया कुरुक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के लिए कुरुक्षेत्र में शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को इतिहास, संस्कृति और विज्ञान से जुड़े प्रमुख स्थलों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करवाना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने ब्रह्मसरोवर, श्री कृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एंड साइंस सेंटर, ज्योतिसर तथा प्रसिद्ध शेख चिल्ली का मकबरा जैसे ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों का दौरा किया। शिक्षकों ने इन सभी स्थानों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।


हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### होली चाइल्ड स्कूल की बास्केटबॉल टीम ने जीता रजत

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने अंडर-17 बास्केटबॉल सहोदय इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में टीम ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया, जिससे विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा हुआ। टीम की खिलाड़ियों हिमांशी, कुंजल, रिया, तमन्ना, उषा, सिमरन, नियति, प्रनया और प्रत्युष ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट कौशल और दृढ़ता दिखाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु और प्रधानाचार्य अनीता पन्नू दलाल ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। टीम को खेल विभाग प्रशिक्षक रामनिवास और सहायक प्रशिक्षक नीतू ने प्रशिक्षण दिया, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपने खेल में निरंतर सुधार किया।

# संतों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

आदमपुर के निकटवर्ती छिम्पा ढाणी में आयोजित संत नामदेव कथा के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हरियाणा पिछड़ा वर्ग के आयोग के पूर्व चेयरमैन सतवीर वर्मा ने कहा कि संतों के बताए मार्ग पर चलने से हमारा जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि संत किसी एक जाति के नहीं होते तथा वह संपूर्ण मानव जाति की भलाई के लिए जग में आते हैं एवं हमें मिलजुल कर रहने तथा बुराइयों से दूर रहकर मेहनत की कमाई करने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संत नामदेव ने भी हमें बुराइयों से दूर रहकर मेहनत की कमाई करने तथा आपसी भाईचारा के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश दिया।


आदमपुर। गांव सदलपुर की ढाणी में आयोजित संत नामदेव कथा के अवसर पर उपस्थित हरियाणा पिछड वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतवीर वर्मा एवं अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संत नामदेव छिम्पा समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल उठाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग, जिला पार्षद वीर सिंह राणा, पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा, महेंद्र साहू, सरपंच नाथूराम, सत्यवान किरोड़ी, प्रिंस धनवार, पवन जांगड़ा, हनुमान, सुभाष पटवारी, मोहनलाल, राममूर्ति, आत्माराम, देवी लाल, मेहरचंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# अभिनव एप विचार प्रस्तुत करने वाली टीम प्रथम

- लुवास में विश्वविद्यालय स्तरीय 'अन्वेषण 2025 स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में विश्वविद्यालय स्तरीय 'अन्वेषण 2025 स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन' का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार रोज़ की अध्यक्षता में एआईयू, नई दिल्ली के सहयोग से यह आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीबीपीयूएटी, पंतनगर में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिनिधि टीमों के चयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा संचालित ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कुल ग्यारह टीमों ने पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने शोध-आधारित विचार पोस्टर और पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से साझा किए। बाहरी विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने इन प्रस्तुतियों का मूल्यांकन पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर किया। प्रस्तुत शोध कार्यों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, व्यावहारिक उपयोगिता और प्रस्तुति कौशल प्रमुख मूल्यांकन बिंदु रहे।


हिसार। विजेता प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### इनको मिला पुरस्कार

पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीमों में प्रथम पुरस्कार 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से डेयरी फार्मिंग का डिजिटल परिवर्तन' विषय पर अभिनव ऐप विचार प्रस्तुत करने वाली टीम को मिला। इसमें द्वितीय वर्ष के छात्र अंशुल, अंकित, भूपेंद्र और मोहित शामिल थे। द्वितीय पुरस्कार पशु चिकित्सा औषध विज्ञान विभाग के एमवीएससी छात्र डॉ. रवि यादव को ऑस्टियोआर्थराइटिस के उपचार में नई दवा की संभावनाओं पर उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समन्वयक डॉ. स्वाति दहिया एवं सह-समन्वयक डॉ. गौरव चराया द्वारा किया गया।

# गुजवि के तीन छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनी में मिली प्लेसमेंट

- प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि संरचित प्लेसमेंट प्रक्रिया में बीटेक ईसीई, सीएसई, आईटी कार्यक्रम के 144 विद्यार्थियों ने भाग लिया।


मानव सैनी। सौरव अरोड़ा। सागर शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के हुए 75 वेज टेक्नोलॉजीज के वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक ईसीई व सीएसई कार्यक्रम के तीन विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि संरचित प्लेसमेंट प्रक्रिया में बीटेक ईसीई, सीएसई, आईटी कार्यक्रम के 144 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक ईसीई के सौरव अरोड़ा व बीटेक सीएसई के मानव सैनी का चयन पांच लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ तथा बीटेक सीएसई के सागर शर्मा का चयन 3.60 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक सीएसई के कृष ने किया।



हांसी। रोड़ सेफ्टी लेवल –1 परीक्षा में प्रथम स्थान करने पर अपनी खुशी का इजहार करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### आरपीएस स्कूल ने रोड़ सेफ्टी क्विज में लहराया परचम

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने खंड स्तरीय रोड सेफ्टी ट्रैफिक क्विज लेवल 1 राउंड 2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 के प्रतिभाशाली छात्र अक्षत, युग वंश और जीतन ने अपनी मेहनत और समझदारी से यह उपलब्धि हासिल की। छात्रों को रोड़ सेफ्टी क्वीज कंपीटिशन के लिए विज्ञान शिक्षक सज्जन नैन ने क्विज के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था। विद्यालय प्राचार्या एकता ने छात्रों की इस शानदार सफलता पर बधाई दी और रोड सेफ्टी के महत्व पर जोर दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संदीप देशवाल ने भी छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता आज के समय की प्रमुख आवश्यकता है और ऐसे प्रतियोगिताएं बच्चों में जिम्मेदारी एवं सतर्कता की भावना विकसित करती हैं।विद्यालय परिवार ने विजेता छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता के लिए अमर प्रेरणा

- गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धार्मिक इतिहास की घटना नहीं, बल्कि मानवता के अधिकारों की रक्षा का एक महान उदाहरण है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी के फार्मेसी विभाग द्वारा फार्मेसी सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक गुलशन भयाना ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धार्मिक इतिहास की घटना नहीं, बल्कि मानवता के अधिकारों की रक्षा का एक महान उदाहरण है। गुलशन भयाना ने छात्रों से आह्वान किया कि वे गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके चरित्र व संस्कार ही देश की प्रगति की नींव रखते हैं। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और गुरु परंपरा को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फार्मेसी के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार सहित कंप्यूटर के विभागाध्यक्ष विक्रम सनवाल,वरिष्ठ प्राध्यापक बिजेंद्र सिंह चंदेलिया, सोमबीर एवं मनोज कुमार भी उपस्थित थे।


आदमपुर। कार्यक्रम को संबोधित करते प्राध्यापक गुलशन भयाना।

### मोठ माइनर में गिरने से 42 वर्षीय युवक की मौत

**नारनौंद।** भैणी अमीरपुर के 42 वर्षीय कुलदीप उर्फ गोका की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। गुरुवार सुबह नारनौंद–बुडाना रोड स्थित मोठ माइनर की पुलिया के पास उसका शव मिला। मृतक के पिता 76 वर्षीय गंगास्वरूप ने बताया कि कुलदीप दिहाड़ी मजदूर था और शराब का आदी होने के कारण अक्सर घर से इधर-उधर घूमने निकल जाता था। गंगास्वरूप ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि बुधवार सुबह करीब 6 बजे कुलदीप शराब के नशे में घर से निकल गया था। इसी दौरान रात करीब 9 बजे परिवार के लोगों से सूचना मिली कि वह माइनर में गिरकर मर गया। सूचना मिलते ही गंगास्वरूप परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कुलदीप का शव माइनर के किनारे पड़ा था, उसके माथे पर चोट थी और खून बह रहा था। परिजनों का कहना है कि नशे की हालत में चलते हुए वह नहर के किनारे फिसल गया, जिससे उसे चोट लगी और बेहोशी की स्थिति में वह माइनर में गिर गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### जिला किड्ज एथलेटिक्स चैंपियनशिप 29 को गुजवि में

**हिसार।** एथलेटिक्स हिसार की ओर से गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के महाराणा प्रताप स्टेडियम में दूसरी जिला एथलेटिक्स किड्ज चैंपियनशिप 29 नवंबर को होगी। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा और वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 8 वर्ष, 10 वर्ष और 12 वर्ष आयु वर्ग एथलीट भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 4 गुणा 50 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर दौड़, मिनी हर्डल, किड्ज जेवलिन, बाल थ्रो आदि इवेंट करवाए जाएंगे। विजेता खिलाड़ियों को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

## भव्य कलश यात्रा से होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# अग्रोहा में श्रीमद् भागवत कथा आज से, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में अग्रोहा धाम में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी की समीक्षा की गई। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम में श्री मद् भागवत कथा 28 नवंबर से 7 दिन तक चलेगी। अग्रोहा धाम में श्रीमद् भागवत कथा का शुभ आरंभ 28 नवंबर को भव्य कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं भाग लेगी। कथा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कथा वाचन बृज रतन त्रिलोक महाराज वृंदावन वाले होंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 4 दिसंबर छप्पन भोग, सवामणि व भंडारा का आयोजन होगा कथा के समापन पर 5 दिसंबर को हवन-पूजन व भंडारा धाम में बांके बिहारी जी के मंदिर व झांकियां का पूरी तरह सौंदर्यीकरण किया जाएगा।


हिसार। समाज के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर बजरंग गर्ग ने सामाजिक व धार्मिक कार्य करने वाले समाज के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कथा के संयोजक सुभाष चंद्र गर्ग फरीदाबाद व पवन बंसल, ऋषि राज गर्ग, अनंत अग्रवाल हिसार, सुरेंद्र मित्तल फतेहाबाद, प्रेम गुप्ता दिल्ली, आनंद महेश्वरी राजस्थान, श्याम लाल बंसल पंजाब, किर्ति गर्ग सिरसा, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।*